ई.सी.ओ.– 02

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
2020–2021

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ. – 02 : लेखाविधि – I

जुलाई 2020 तथा जनवरी 2021 प्रवेश सत्र के लिए

इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय
प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ.–02 : लेखाविधि–I
सत्रीय कार्य – 2020–21

प्रिय छात्र / छात्राओ,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2020 और जनवरी 2021)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2020**, में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2021** तक है।

2. जो **जनवरी 2021**, में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2021** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -02**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**लेखाविधि-I**
स्त्रीय कार्य का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -02/टी. एम. ए./ 2020-2021**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. बैंक समाधान विवरण से क्या अभिप्राय है ? रोकड़ बही तथा पासबुक द्वारा प्रदर्शित शेष में भिन्नता के क्या कारण हैं ? बैंक समाधान विवरण को बनाने में प्रयोग होने वाले विभिन्न चरणों का उल्लेख कीजिए। **(20)**

2. निम्नलिखित समायोजनों की जर्नल प्रविष्टियाँ दें और एक उधम के अंतिम खातों को तैयार करते समय इन समायोजनों के लेखांकन उपचार की भी व्याख्या करें। **(20)**
   (i) अग्रिम प्राप्त ब्याज 600 रु.
   (ii) आहरण पर ब्याज 1,200 रु.
   (iii) लेनदारों पर छूट के लिए प्रावधान 400 रु.
   (iv) चोरी के कारण माल की हानि 9,000 रु.
   (v) स्वामी द्वारा माल का आहरण 800 रु.

3. **(क)** जब सामान्य हानि तथा असामान्य हानि दोनों एक साथ हों तो अंतिम स्टॉक के मूल्यांकन के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है ? उचित उदहारणों सहित व्याख्या कीजिए। **(10+10)**
   (ख) पृथक लेखा पुस्तकें रखे बिना संयुक्त उपक्रम व्यापार के लेन-देनों को रिकॉर्ड करने की विभिन्न विधियों की व्याख्या कीजिए।

4. इकहरी लेखा प्रणाली की क्या विशेषताएं है ? इसके दोषों का वर्णन कीजिए। जब लेखे अपूर्ण हों तो उस स्थिति में लाभ ज्ञात करने की दोनों विधियों का वर्णन कीजिए। **(20)**

5. निम्नलिखित शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा यह भी बताइये कि किसी गैर व्यापारिक संगठन के अंतिम लेखे तैयार करते समय आप उनका लेखा किस प्रकार करेंगे ? **(4X5)**
   (क) लिगेसी
   (ख) साधारण दान
   (ग) आजीवन सदस्यता शुल्क
   (घ) खेल - कूद प्रतियोगिता निधि के लिए प्राप्तियाँ
   (ङ) पुरानी खेल सामग्री की बिक्री